प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–17.09.2024** **(दोपहर–1455 बजे)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर सुरक्षित भारत बनाया है। श्रीशाह ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सौ दिनों में पंद्रह लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। श्रीशाह ने कहा कि सरकार की मेक इन इंडिया पहल से भारत दुनिया में उत्पादन का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के कई देश भारत की डिजिटल इंडिया योजना को समझना और अपने यहां लागू करना चाहते हैं।

*******************

संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी मामले पर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नारायण अरुण कुमार राय की अदालत में केन्द्र की ओर से शपथ पत्र पर दाखिल जवाब पर विस्तृत सुनवाई होगी।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने आदिवासी हो समाज द्वारा बोली जाने वाली हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया है।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता–जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रांची समेत अन्य जिलों में 21 और 22 सितंबर को आयोजित होने जा रही है। जेएसएससी आज आधिकारिक वेबसाइट पर एडमिट कार्ड जारी करेगा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आज सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

*******************

रांची में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, और सफाई कर्मियों के बीच साड़ी और पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

*******************

शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की राजधानी रांची समेत राज्य भर में भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। इसे लेकर रांची, बोकारो, जमशेदपुर के औद्योगिक क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई है। आकाशवाणी केन्द्र रांची में भी भगवान विश्वकर्मा की भक्तिभाव से पूजा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत की गई है। यह अभियान दो अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष का थीम है स्वभाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता। इधर आकाशवाणी रांची परिसर में केन्द्र निदेशक दुर्गा चरण हेम्ब्रम ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप निदेशक अभियांत्रिकी सह नोडल अधिकारी स्वच्छता अभियान–2024 ए. पी. सिंह और अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

******************

मौसम विभाग ने झारखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से राहत मिलने की संभावना व्यक्त की है। रांची मौसम केन्द्र वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को बताया कि पलामू समेत राज्य के पश्चिमी भाग को छोड़कर अन्य हिस्सों में लगातार बारिश से राहत मिलने की संभावना है।

******************

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई जगहों पर जान माल की क्षति भी पहुंची है। नदियों, नालों और डैमों का जलस्तर उफान पर है। इधर रांची जिले मे भारी बारिश को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।